# सागवाड़ा लाईव न्यूज़



**सुचना-**
विज्ञापन, खबरों के लिए या हमारे साथ जुडने के लिए वाट्सएप पर संपर्क करें- , 8209335497
हमें निष्पक्ष पत्रकारिता में रुचि रखने वाले युवाओं की आवश्यकता है।

डिजिटल अंक | Dungarpur, Banswara, Udaipur, Kota, Salumber, Chittor, pratapgarh

SAGWARA LIVE NEWS

सागवाड़ा से प्रकाशित | Pages 04 | RNI- RAJHIN/25/A1329 | www.vagadlive.in | Editor- Jitendra singh chouhan

17 अक्टूबर 2025 शुक्रवार | ● वर्ष - ९ | ● अंक ३७ | ● पृष्ठ ०४ | ● मूल्य - निशुल्क | ● www.vagadlive.in


## एक दिवसीय "साथिन पुनश्चर्या प्रशिक्षण"

### 'महिला अधिकार एवं स्वास्थ्य जागरूकता कार्यशाला'' आयोजित






सागवाड़ा लाईव न्यूज़/ जिला स्तरीय एक दिवसीय ''साथिन पुनश्र्चर्या प्रशिक्षण'' तथा ''महिला अधिकार एवं स्वास्थ्य जागरूकता कार्यशाला'' अंबेडकर सामुदायिक भवन, शहीद गार्डन के पास, डूंगरपुर में आयोजन किया गया। जिसमें सहायक निदेशक, महिला अधिकारिता, डूंगरपुर द्वारा महिला सशक्तिकरण, महिला सुरक्षा एवं सलाह केन्द्र, वनस्टॉप सेन्टर, पन्नाधाय सुरक्षा एवं सम्मान केन्द्र एवं विभिन्न विभागीय योजनाओं की जानकारी पर विस्तृत चर्चा की गई। सेव द चिल्ड्रन द्वारा गुडटच-बेडटच की जानकारी देते हुए महिलाओं-बालिकाओं को सुरक्षित रखने की जानकारी साझा की गई। बल अधिकारिता विभाग द्वारा बालिकाओं के अधिकार, बाल विवाह रोकथाम अभियान के तहत महिलाओं को बाल विवाह शपथ दिलाई गई। एवं चाईल्ड लाईन द्वारा महिला हेल्पलाई ननम्बर 1098 साझा किये गये। चिकित्सा विभाग द्वारा च्च्छक्ज् ।बजण् द्वारा कन्याभूरण हत्या रोकथाम एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ द्वारा एनिमिया, स्वास्थ्य एवं स्वच्छता संबंधी जानकारी प्रदान की गई। पुलिस विभाग द्वारा आत्मरक्षा प्रशिक्षण एवं साईबर क्राईम व महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा नये कानूनों आदि के बारे में जागरूक किया गया। इस कार्यक्रम में हरीश चन्देरिया, सिन्धु बिनु जीत, सुमित्रा फुमतिया, डॉ. प्रफुल्लबाला, अशोकजी शर्मा सेवानिवृत कर्मचारी, सखारामजी, मंजुचौधरी, राकेशवैष्णव एवं अन्य कर्मचारी उपस्थित रहें।




## आसपुर में बस से भारी मात्रा में अवैध पटाखा सामग्री बरामद, तीन गिरफ्तार

सागवाड़ा लाईव न्यूज़/ आगामी दीपावली पर्व को देखते हुए जिला पुलिस ने सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनज़र "ऑपरेशन शिकंजा" के तहत बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया है। आसपुर थाना पुलिस ने बुधवार सुबह अहमदाबाद से धरियावाद जा रही एक निजी बस से भारी मात्रा में अवैध पटाखा व विस्फोटक सामग्री बरामद की है। पुलिस ने बस को जब्त कर चालक, परिचालक और एक अन्य व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया है थानाधिकारी प्रदीप बिठू ने गुरुवार सुबह 11:00 बजे जानकारी देते हुए बताया कि गोल सोम नदी पुल के पास नाकाबंदी के दौरान यह कार्रवाई की गई। चेकिंग के दौरान अहमदाबाद से प्रतापगढ़ जा रही निजी बस को रोका गया। तलाशी में बस से अवैध रूप से परिवहन की जा रही तीन बड़ी पेटियां बरामद हुई, जिनमें भारी मात्रा में पटाखे और विस्फोटक सामग्री भरी थी। पुलिस ने तत्काल बस को जब्त करते हुए मामला दर्ज कर लिया। पुलिस ने खेमराज पुत्र नाथूजी मीणा (40) निवासी बोरी, थाना झल्लारा, जिला सलूम्बर – चालक, हिरालाल पुत्र जगजी पाटीदार (39) निवासी फलोज, थाना दोवड़ा, जिला डूंगरपुर – परिचालक और कन्हैयालाल पुत्र भोगीलाल जैन (65) निवासी भबराणा, थाना झल्लारा, जिला सलूम्बर को विस्फोटक सामग्री परिवहन करते हुए गिरफ्तार किया है। बरामद सामग्री में विभिन्न प्रकार के पटाखे, बम और विस्फोटक खेप शामिल हैं—जिनमें रॉल कैप्स, मेचगन, प्लास्टिक पिस्टल, फुलझड़ी, जमीन चक्र, फ्लावर पॉट, सुतली बम, स्काई शॉट, मिर्ची बम आदि के सैकड़ों पैकेट शामिल हैं। पुलिस अधीक्षक मनीष कुमार के निर्देशन और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अशोक मीणा व वृत्ताधिकारी हनुवंत सिंह सौढ़ा के मार्गदर्शन में यह कार्रवाई की गई। पुलिस ने बताया कि दीपावली से पहले जिले में अवैध पटाखा परिवहन, भंडारण और बिक्री पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है। ऐसे मामलों में सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। डूंगरपुर पुलिस ने आमजन से अपील की है कि किसी भी संदिग्ध गतिविधि या अवैध पटाखा परिवहन की सूचना तुरंत निकटतम थाने को दें ताकि त्योहार का उल्लास सुरक्षित वातावरण में मनाया जा सके।

## डूंगरपुर जिले की पांच तहसीलों के किसानों को मिली राहत — खरीफ 2024 की फसल खराबा राशि खातों में जमा होना शुरू

संवाददाता | सागवाड़ा लाईव न्यूज़

**Indergarh-** भारतीय किसान संघ ब्लॉक गलियाकोट अध्यक्ष लालू राम बिजुला ने गुरुवार दोपहर 2:00 बजे जानकारी देते हुए बताया कि भारतीय किसान संघ डूंगरपुर के अथक प्रयासों का नतीजा आखिरकार किसानों के लिए राहतभरी खबर के रूप में सामने आया है। जिले की पांच तहसीलों — सीमलवाड़ा, जोथरी, चिखली, ओबरी और गलियाकोट (पांच गांवों तक सीमित) — के किसानों को खरीफ फसल 2024 की खराबा राशि जारी कर दी गई है। जिला कलेक्ट्री कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार 15 अक्टूबर से किसानों के खातों में सीधा भुगतान जमा होना शुरू हो गया है। जिन किसानों ने अपने खाते पटवारियों को उपलब्ध कराए थे या जिनके जन आधार कार्ड से बैंक खाते जुड़े हुए हैं, उनके खातों में राशि पहुंच रही है। गौरतलब है कि पिछले वर्ष राज्य सरकार ने डूंगरपुर जिले को आपदा राहत सूची में शामिल नहीं किया था, जिससे किसानों में निराशा फैल गई थी। लेकिन भारतीय किसान संघ डूंगरपुर की लगातार पैरवी और जिला कलेक्टर सहित राज्यपाल तक पहुंची मांग के बाद सरकार ने पुनः नोटिफिकेशन जारी कर जिले के पात्र किसानों को राहत देने का निर्णय लिया। सूत्रों के अनुसार, उन क्षेत्रों में फसल खराबे की दर 33 प्रतिशत से अधिक पाई गई थी, जिसकी रिपोर्ट पटवारियों द्वारा शासन को भेजी गई थी। अब उन्हीं किसानों को राहत राशि का लाभ दिया जा रहा है। इस कदम से जिले के हजारों किसानों को आर्थिक राहत मिलने की उम्मीद है और किसान संघ ने इसे "किसानों के संघर्ष की जीत"

## बिछीवाड़ा थाने का 6 साल पुराना स्थाई वारंटी गिरफ्तार

### ऑपरेशन सुदर्शन चक्र के तहत हुई कार्वाई



सागवाड़ा लाईव न्यूज़

सागवाड़ा लाईव न्यूज़/ डूंगरपुर। जिला पुलिस अधीक्षक मनीष कुमार के निर्देशन में चलाए जा रहे "ऑपरेशन सुदर्शन चक्र" के तहत पुलिस ने 6 साल से फरार स्थाई वारंटी को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। थाना बिछीवाड़ा पुलिस द्वारा की गई इस कार्रवाई में एफआईआर नंबर 195/2016, धारा 19/54, 54ए, 57, 54डी राजस्थान आबकारी अधिनियम 1950 में वांछित अभियुक्त कालूराम पुत्र टेकचंद कुम्हार, निवासी दमकन खेड़ी, थाना सदर गोहाना, जिला पानीपत (हरियाणा) को गिरफ्तार किया गया है। थानाधिकारी कैलाश चंद्र सोनी ने गुरुवार दोपहर 1:00 बजे जानकारी देते हुए बताया कि अभियान की कार्रवाई अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अशोक मीणा और पुलिस उप अधीक्षक वृत डूंगरपुर तपेन्द्र मीणा के सुपरविजन में, तथा थानाधिकारी बिछीवाड़ा कैलाशचन्द्र सोनी के नेतृत्व में की गई। थाना स्तर पर गठित विशेष टीम ने अभियुक्त की गिरफ्तारी के लिए हरियाणा में दबिश दी। पुलिस टीम ने पारंपरिक पुलिसिंग और तकनीकी संसाधनों का उपयोग करते हुए अथक प्रयासों के बाद कालूराम को पकड़ा। डूंगरपुर पुलिस ने बताया कि ऑपरेशन सुदर्शन चक्र के तहत फरार वारंटियों और स्थाई वारंटियों के विरुद्ध लगातार अभियान चलाया जा रहा है ताकि न्यायालयों में लंबित मामलों का निस्तारण शीघ्र हो सके। ऑपरेशन सुदर्शन चक्र के तहत कार्रावाई मे 6 साल से फरार स्थाई वारंटी कालूराम को हरियाणा से दबिश देकर गिरफ्तार किया गया।






## सागवाड़ा में निजी बस की रियलिटी जांच पडताल जैसलमेर की घटना पर बस संचालकों को किया सचेत




सागवाड़ा लाईव न्यूज़/ डूंगरपुर जिले के सागवाड़ा क्षेत्र में मुंबई जयपुर इंदौर अहमदाबाद से आने जाने वाली स्लीपर कोच की रियलिटी जांच पड़ताल में पाया गया कि कई बस संचालको ने अपनी बस में फर्स्ट एड किट फायर संयंत्र आपातकालीन द्वार सहित विभिन्न सुरक्षा व्यवस्थाओं को सुदृढ़ कर रखा है किसी भी परिस्थिति में यात्रियों को समस्या ना हो इसके लिए सारी व्यवस्थाएं बस संचालकों द्वारा की गई है लेकिन कुछ बस संचालकों द्वारा अभी भी इस विषय को गंभीरता से नहीं लिया गया रियलिटी जांच पड़ताल में पाया गया कि रघु ट्रैवल्स सागवाड़ा की बसें पूरी तरह से सुरक्षा उपकरणों से लेस है और किसी भी परिस्थिति में यात्रियों को परेशानी ना हो उसके लिए प्रतिबद्ध है जबकि कुछ बस संचालक जिसमें सागवाड़ा से सीकर जाने वाली बस रजत ट्रैवल्स जिसमें सुरक्षा व्यवस्था को लेकर खानापूर्ति की गई है। एमआर ट्रेवल्स की एक निजी बस सड़क के किनारे लावारिस अवस्था में दिखाई दी रियलिटी जांच पड़ताल में पाया गया कि बस का गेट खुला हुआ है और उसमें चाबी भी लगी हुई है बस स्टाफ का अता-पता ही नहीं है ऐसे में बहुत ही बड़ी गंभीर दुर्घटना घट सकती है अभी भी जैसलमेर हादसे के बाद कुछ बस संचालक इस विषय को गंभीरता से नहीं ले रहे हैं रघु ट्रेवल्स के बस संचालक अशोक कुमार भोई ने गुरुवार सुबह 11:00 जानकारी देते हुए बताया कि यात्रियों की सुरक्षा के लिए उन्होंने सारी व्यवस्था कर रखी है साथ ही वे सरकार से एक मांग भी करते हैं की राजस्थान सरकार बस टैक्स बहुत ज्यादा ले रही है जिससे उन्हें दूसरे राज्य से बस का रजिस्ट्रेशन करवाना पड़ता है क्योंकि दूसरे राज्य में बस का टैक्स कम लगता है जबकि राजस्थान में कई गुना टैक्स लिया जाता है जिससे सरकार को भी घाटा हो रहा है क्योंकि कई बस संचालक दूसरे राज्य से बस का रजिस्ट्रेशन करवाते हैं और उसका टैक्स दूसरे राज्य को जाता है।





दीपावली पर्व पर आप सभी देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई



## राष्ट्रीय पोषण अभियान के अंतर्गत जिला स्तरीय पोषण माह समापन



सागवाड़ा लाईव न्यूज़/ महिला एवं बाल विकास विभाग डूंगरपुर में उपनिदेशक महोदय पंकज द्विवेदी के तत्वाधान में जिला स्तरीय राष्ट्रीय पोषण माह का समापन भगत सिंह सामुदायिक भवन डूंगरपुर में किया गया । उपनिदेशक महोदय पंकज द्विवेदी द्वारा निदेशालय से प्राप्त गतिविधियों के कैलेंडर आधारित थीम मोटापा कम करे तैल, चीनी का कम सेवन करे, पोषण भी पढ़ाई भी, शिशु एवं बाल आहार संभंधित प्रथाएं,पुरषों की भागीदारी इत्यादि को आंगनवाड़ी कार्यकर्ता द्वारा अपने केन्द्रों पर जन आंदोलन के माध्यम से व्यापक स्तर पर पोषण से जागरूकता बढ़ाने के प्रयास के बारे में बताया गया। साथ ही पौष्टिक आहार,घर पर बने व्यजंन और हरी पत्तेदार सब्जियों के महत्व के बारे में बताया गया। सांस्कृतिकी संस्था से मुकेश शर्मा द्वारा कुपोषित बच्चो को चिंहित करके समुदाय स्तर पर प्रबन्धन करना, जटिलता पर कुपोषण उपचार केंद्र भेजना विषय पर विस्तार से जानकारी दी गई। अजीम प्रेमजी फाउंडेशन से जीवन जी द्वारा पोषण भी पढ़ाई भी एवं आंगनवाड़ी पर बच्चों के शिक्षा स्तर पर चर्चा की गई। राष्ट्रीय पोषण अभियान के जिला समन्वयक प्रशांत शर्मा द्वारा पोषण माह को जनांदोलन के रूप में लेते हुवे डेशबोर्ड पर ऑनलाइन एंट्रीज के बारे में बताया गया। कार्यक्रम में सीडीपीओ ललिता कटारा, चिराग गोड, जोगेन्द्र सिंह झाला, जिला परियोजना सहायक कौशल कुमार कलाल ,प्रधानमंत्री मातृत्व योजना से विरल जैन, भरत परमार और जिले से उपस्थित महिला पर्यवेक्षक एवं कार्यकर्ताओं द्वारा पौष्टिक आहार व हरी पत्तेदार सब्जियों एवं रंगोली की प्रदर्शनी लगाकर पोषण माह समापन का उत्साह पूवर्क आयोजन किया गया तथा उपस्थित सभी संभागियों द्वारा पोषण शपथ ली गयी।










## पूर्व सांसद कनकमल कटारा ने दस लाख की लागत से बने शौचालय का किया उद्घाटन,



सागवाड़ा लाईव न्यूज़/ पूर्व सांसद कनकमल कटारा ने उनके सांसद कार्यकाल के दौरान स्वीकृत किए गए 10 लाख राशि की लागत से बने सुविधाघर (शौचालय) का उद्घाटन किया। गुरुवार को जिला कलेक्ट्रेट परिसर में बने इस सुविधाघर(शौचालय) के समारोह पूर्वक उद्घाटन के अवसर पर समाजसेवी अशोक पटेल रणोली, नगर परिषद सभापति अमृतलाल कलासुआ, उपसभापति सुदर्शन जैन, समाजसेवी गजेंद्र सिंह, पंकज जैन, अनुराग कटारा, ऋषि दवे आदि गणमान्य जनप्रतिनिधि भी मौजूद रहें। इस अवसर पर अतिथियों का स्वागत करते हुए अतिरिक्त जिला कलेक्टर दिनेश चंद्र धाकड़ ने कहा कि कलेक्ट्रेट परिसर में जिला परिषद का ही एकमात्र सुविधाघर(शौचालय) था, जिसके कारण अनेक दिक्कतें आती थी। ऐसे में तत्कालीन सांसद कनकमल कटारा को अवगत करवाया गया, जिस पर उन्होंने तत्काल सांसद मद से 10 लाख राशि की स्वीकृति प्रदान की और कार्यकारी एजेंसी नगर परिषद के द्वारा प्रभावी मॉनिटरिंग के साथ कार्य करने के कारण शौचालय का कार्य समय पर पूर्ण हो पाया है। कार्यक्रम में पूर्व सांसद कनकमल कटारा ने कहा कि सरकार द्वारा स्वच्छता के लिए विशेष प्रयास करते हुए स्वच्छता अभियान चलाए जा रहे हैं । साथ ही स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा भी चलाया गया। ऐसे में आवश्यक सुविधा शौचालय की उपलब्धता एवं स्वच्छता हमारी भी जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि कलेक्ट्रेट में शौचालय के निर्माण से कलेक्ट्रेट कर्मचारियों के साथ ही यहां पहुंचने वाले आमजन को भी सुविधा उपलब्ध हो सकेगी। इस अवसर पर समाज सेवी अशोक पटेल एवं नगर परिषद सभापति अमृतलाल कलासुआ ने कलेक्ट्रेट में शौचालय के निर्माण को बहुत उपयोगी बताया। इस अवसर पर मुख्य कार्यकारी अधिकारी हनुमान सिंह राठौड़ ने कहा कि कलेक्ट्रेट में शौचालय के निर्माण से कार्मिकों और विशेषकर महिलाओं को सुविधा हो सकेगी। कार्यक्रम में आभार प्रदर्शन जिला कलेक्टर के निजी सहायक देवचंद यादव ने किया वहीं कार्यक्रम का संचालन अतिरिक्त प्रशासनिक अधिकारी गौरव भावसार ने किया। इस अवसर पर उपखंड अधिकारी डूंगरपुर साबरमल जाट, सहायक अभियंता नगर परिषद भक्तेश पाटीदार, समाजसेवी बृजेश वसीटा, भोपाल सिंह खुमानपुर, नरेंद्र आर्य, निकिता कंसारा, राहुल गौतम, प्रकाश लबाना, गट्टूलाल कलाल सहित गणमान्य नागरिक जनप्रतिनिधि एवं कलेक्ट्रेट के अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहें।










## सीमलवाड़ा का गौरव

### नीरज जांगिड़ ने आरएएस परीक्षा 2023 में 288वीं रैंक हासिल कर चमकाया क्षेत्र का नाम



सागवाड़ा लाईव न्यूज़/ गुणवंत कलाल-सीमलवाड़ा। कस्बे के होनहार युवा नीरज जांगिड़ ने अपनी मेहनत, लगन और निरंतर प्रयास से राजस्थान प्रशासनिक सेवा (आरएएस)परीक्षा 2023 में 288वीं रैंक प्राप्त कर न केवल अपने परिवार, बल्कि पूरे सीमलवाड़ा क्षेत्र का नाम गौरवान्वित किया है। नीरज ने यह सफलता नॉन-टीएसपी क्षेत्र से हासिल की है, जो उनके अदम्य परिश्रम और दृढ़ इच्छाशक्ति का प्रमाण है। परीक्षा परिणाम घोषित होने के बाद से ही सीमलवाड़ा में जश्न का माहौल है। नीरज के घर पर दिनभर बधाइयों का तांता लगा रहा। देर शाम तक घर पर रिश्तेदारों, मित्रों और ग्रामीणों का आना-जाना लगा रहा। सभी ने मिठाइयाँ बाँटकर इस ऐतिहासिक उपलब्धि का जश्न मनाया। पूरे कस्बे में नीरज की इस सफलता की चर्चा जोरों पर रही। नीरज के पिता दीपक जांगिड़ ने भावुक होते हुए बताया कि “बेटे ने हर कदम पर संघर्ष किया और अपने लक्ष्य से कभी विचलित नहीं हुआ। त्योहारों पर भी घर नहीं आता था। उसका कहना रहता था कि पहले कुछ बड़ा हासिल कर लूँ, उसके बाद तो आना-जाना लगा रहेगा।” दीपक जांगिड़ ने कहा कि बेटे की इस सफलता ने परिवार का सिर गर्व से ऊँचा कर दिया है। नीरज ने अपनी प्रारंभिक शिक्षा सीमलवाड़ा से प्राप्त की, इसके बाद उच्च अध्ययन के लिए उदयपुर और जयपुर का रुख किया। बचपन से ही उनकी रुचि अध्ययन और सामाजिक विषयों की ओर रही है। उनकी मेहनत और अनुशासन के कारण शिक्षकों व साथियों में वे सदैव प्रेरणास्रोत रहे।जानकारी के अनुसार, नीरज ने आरएएस 2024 की मुख्य परीक्षा भी उत्तीर्ण कर ली है, जो उनके उज्ज्वल भविष्य की दिशा में एक और मजबूत कदम है। सीमलवाड़ा सहित पूरे वागड़ क्षेत्र में नीरज की इस सफलता पर हर्ष और गर्व का वातावरण है। स्थानीय जनप्रतिनिधियों, शिक्षकों, समाजसेवियों और युवाओं ने उन्हें बधाइयाँ दी हैं। क्षेत्र के लोगों का कहना है कि नीरज जैसे युवा नई पीढ़ी के लिए प्रेरणा हैं, जिन्होंने साबित किया कि लगन और मेहनत से कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं। नीरज की सफलता सीमलवाड़ा ही नहीं, पूरे डूंगरपुर जिले के लिए गर्व का क्षण है।”— ग्रामीणों का एक स्वर में कहना

## भाजपा का आत्मनिर्भर भारत संकल्प सम्मेलन संपन्न, ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर बोले

### भारत को फिर से बौद्धिक और आत्मनिर्भर बनाना लक्ष्य





सागवाड़ा लाईव न्यूज़/ अभिषेक/ बूंदी । भाजपा के आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान के तहत शहर में भाजपा कार्यकर्ताओं का बूंदी विधानसभा स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन बायपास रोड स्थित एक निजी रिसोर्ट में आयोजित हुआ। कार्यक्रम से पूर्व अतिथियों ने भारत माता ,पंडित दीनदयाल उपाध्याय और श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर दीप प्रज्वलित किया । कार्यक्रम विधानसभा संयोजक भरत शर्मा ने स्वागत भाषण प्रस्तुत किया । कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि मुख्य वक्ता ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर ने सम्बोधित करते हुए कहा कि कि भारत देश बौद्धिक क्षमता से परिपूर्ण था। हर क्षेत्र में विकसित था, लेकिन बीच में आक्रांताओ ने देश को लूटा और विचारधारा को बदलने का प्रयास किया। मुख्य वक्ता ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय ने एकात्म मानववाद का सिद्धांत दिया। विकसित राष्ट्र की श्रेणी के लिए हर क्षेत्र में विकास जरूरी है। भारतीय दृष्टिकोण से संपन्नता विकसित देश की श्रेणी में नहीं है। सुरक्षित और विकसित राष्ट्र बनने के लिए आर्थिक और मानसिक दृष्टि से विकसित होने जरूरी है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे जिलाध्यक्ष रामेश्वर मीणा, ने सम्बोधित करते हुए स्वदेशी अपनाने पर मजबूती से निर्भर रहने का आव्हान किया। मीडिया प्रभारी अभिषेक जैन ने बताया कि कार्यक्रम को पूर्व विधायक अशोक डोगरा, पूर्व जिला अध्यक्ष कुंज बिहारी बिल्या, जिला महामंत्री राधेश्याम गुर्जर ,योगेंद्र श्रंगी, जिला संयोजक सीताराम सैनी विधानसभा संयोजक भगवान बिरला ने अपने विचार व्यक्त किये । सभापति सरोज अग्रवाल एसटी मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष आशा मीणा ओबीसी मोर्चा प्रदेश मंत्री राधेश्याम बैरागी बूंदी मंडल अध्यक्ष राजकुमार श्रंगी, डाबी मंडल अध्यक्ष सत्यनारायण सोलंकी, नमाना मंडल अध्यक्ष नेतराम गुर्जर ,खटकड़ मंडल अध्यक्ष कन्हैया लाल मीणा , सुवासा मंडल अध्यक्ष ओमप्रकाश मीणा , तालेड़ा मंडल अध्यक्ष राजेंद्र चौधरी आदि मंचासीन रहे। संचालन जिला महामंत्री संजय लाठी ने किया। इस दौरान बड़ी संख्या में विधानसभा क्षेत्र के जिला , मंडल , मोर्चा , प्रकोष्ठ के पदाधिकारी , नगर निकाय जनप्रतिनिधि , कार्यकर्ता मौजूद रहे। कार्यक्रम के अंत में सभी ने आत्मनिर्भर भारत बनाने का संकल्प लिया।









## सड़क दुर्घटना में गंभीर घायल महिला की उपचार के दौरान हुई मौत



सागवाड़ा लाईव न्यूज़/ गुणवंत कलाल- सीमलवाड़ा। चौरासी थाना क्षेत्र अंतर्गत घोड़ाखरा निवासी भरत लाल पुत्र भूरा कटारा ने चौरासी थाने में रिपोर्ट दी है। रिपोर्ट में बताया कि प्रार्थी भरत लाल कटारा 14 अक्टूबर मंगलवार की दोपहर एक बजे घर से पत्नी लक्ष्मी कटारा को बाइक पर बैठा कर सीमलवाड़ा में खरीददारी के लिए निकला था। रास्ते में लाम्बा सादोड पहुंचे ही थे कि पीछे तेज गति से आ रही बाइक ने टक्कर मार दी। हादसे में प्रार्थी ओर उसकी पत्नी बाइक से नीचे गिर गए। प्रार्थी की पत्नी को गंभीर हालात में गुजरात के मोडासा में एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां बुधवार शाम को उपचार के दौरान मौत हो गई। देर शाम को शव को सीमलवाड़ा मोर्चरी में रखवाया गया। गुरुवार को चौरासी थाने से हेड कांस्टेबल खुशपाल सिंह,नारायण लाल सहित पुलिसकर्मी मौके पर पहुंचे और मृतका के पति की रिपोर्ट पर बाइक सवार के खिलाफ मामला दर्ज कर शव का पोस्टमार्टम करा शव परिजनों को सौंप दिया है। मृतक के दो पुत्र ओर दो पुत्रियों है जिसमें तीन की शादी हो चुकी है एक पुत्री अविवाहित है। घर में दीपावली त्यौहार की खुशियां मातम में बदल गई है।

## डूंगरपुर जिले के तीन शिक्षा अधिकारियों को उप निदेशक पद पर पदोन्नति,जिसमें एक को सेवानिवृत्ति के बाद मिली पदोन्नति

संवाददाता | सागवाड़ा लाईव न्यूज़

**Indergarh-** गुणवंत कलाल/ सीमलवाड़ा। डूंगरपुर जिले के लिए गौरव का क्षण है कि जिले के तीन वरिष्ठ शिक्षा अधिकारियों को राज्य सरकार ने उपनिदेशक पद पर पदोन्नत किया है। राजस्थान सरकार के शिक्षा विभाग द्वारा हाल ही में जारी पदोन्नति आदेश में प्रदेशभर के 60 शिक्षाधिकारियों को उच्च पदों पर पदोन्नति दी गई है, जिसमें डूंगरपुर जिले से भी तीन अधिकारियों को यह सम्मान मिला है। जिसमें एक शिक्षाधिकारी तीन माह पूर्व सेवानिवृत्त भी हो चुके है। राज्य सरकार की ओर से जारी आदेश के अनुसार, इस पदोन्नति सूची में अतिरिक्त निदेशक स्तर के 2, संयुक्त निदेशक स्तर के 16 तथा उपनिदेशक स्तर के 42 अधिकारियों को शामिल किया गया है। इसी क्रम में डूंगरपुर जिले से तीन अनुभवी और कुशल शिक्षा अधिकारियों को उपनिदेशक के पद पर पदोन्नति दी गई है। आबूलाल मनात, वर्तमान में सीबीईओ बिछीवाड़ा, राजेन्द्र कुमार चौबिसा, सीबीईओ गलियाकोट में स्थापित है। वहीं सेवानिवृत्त सीबीईओ सीमलवाड़ा लक्ष्मण कुमार डामोर को भी पदोन्नति मिली है। इन तीनों अधिकारियों की पदोन्नति से पूरे जिले के शिक्षा विभाग में हर्ष और उत्साह का माहौल है। सहकर्मियों, शिक्षकों और प्रशासनिक अधिकारियों ने उन्हें बधाइयाँ दीं और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। डूंगरपुर जिले के शिक्षा जगत से जुड़े लोगों ने इस उपलब्धि को जिले के लिए गर्व का विषय बताया। स्थानीय शिक्षकों ने कहा कि इन अधिकारियों ने अपने कार्यकाल में शिक्षा के क्षेत्र में नवाचार, गुणवत्ता सुधार और प्रशासनिक दक्षता के साथ उल्लेखनीय योगदान दिया है। सीमलवाड़ा, बिछीवाड़ा और गलियाकोट क्षेत्र के शिक्षाविदों ने कहा कि यह पदोन्नति उनके समर्पण और मेहनत का परिणाम है। उन्होंने आशा जताई कि उच्च पद पर पहुँचने के बाद भी ये अधिकारी प्रदेश में शिक्षा के स्तर को ऊँचा उठाने के लिए प्रेरणास्रोत बने रहेंगे। इनकी पदोन्नति ने जिले के शिक्षा विभाग का गौरव बढ़ाया है। यह आने वाली पीढ़ी के अधिकारियों के लिए प्रेरणा का स्रोत है। ”












## सीएमएचओ डॉ. ओ.पी. सामर ने साहसपुरिया में ग्रामीण सेवा शिविर का किया निरीक्षण आमजन को योजनाओं का अधिकतम लाभ पहुंचाने पर दिया जोर



सागवाड़ा लाईव न्यूज़/ बूंदी। संवाददाता कमलेश शर्मा/मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. ओ.पी. सामर ने गुरुवार को साहसपुरिया में आयोजित ग्रामीण सेवा शिविर का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने शिविर में चल रही विभिन्न जनकल्याणकारी स्वास्थ्य योजनाओं की समीक्षा की और लाभार्थियों से संवाद कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। डॉ. सामर ने शिविर में चल रहे कार्यों की जानकारी लेते हुए कहा कि सरकार की मंशा है कि ग्रामीण अंचलों के प्रत्येक व्यक्ति तक स्वास्थ्य एवं पोषण से जुड़ी योजनाओं का लाभ समय पर और पारदर्शिता के साथ पहुँचे। उन्होंने ई-केवाईसी, प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (PMJAY) कार्ड, निक्षय पोषण योजना, टोबैको फ्री यूथ कैंपेन, माँ योजना सहित अन्य कार्यक्रमों की प्रगति की विस्तृत जानकारी ली। सीएमएचओ ने मौके पर उपस्थित चिकित्सा टीम को निर्देश दिए कि शिविर में आए हर लाभार्थी को योजनाओं का अधिकतम लाभ सुनिश्चित किया जाए और किसी भी पात्र व्यक्ति को वंचित न रखा जाए। साथ ही उन्होंने स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता, दवा वितरण व्यवस्था और रिकॉर्ड संधारण की भी समीक्षा की। उन्होंने कहा कि ग्रामीण सेवा शिविरों का उद्देश्य गांव-गांव तक चिकित्सा सुविधाएँ पहुंचाना और आमजन को सरकारी योजनाओं से जोड़ना है। डॉ. सामर ने टीम भावना से कार्य करने का संदेश देते हुए कहा कि विभागीय अधिकारी और कर्मचारी जनहित में सेवाभाव से कार्य करें ताकि जिले में स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति और बेहतर हो सके।

## विधायक शर्मा ने समाप्त करवाया धरना प्रदर्शन

### विधायक कोष से हाईटेंशन लाइन के लिए राशि स्वीकृत





सागवाड़ा लाईव न्यूज़/ कमलेश शर्मा/ बूंदी। आज बूंदी के वार्ड नंबर 42 बिबनवा रोड मैं वार्ड पार्षद प्रतिनिधि बनवारी किराड़ के नेतृत्व में वार्ड वासियों द्वारा धरना प्रदर्शन कर भी बिबनवा रोड मंडी वाली सड़क जाम की गई! इस पर प्रशासन वह विद्युत विभाग के कर्मचारी भी वहां पर पहुंचे! वार्ड वासियों की मांग पर बूंदी विधायक हरिमोहन शर्मा तत्काल प्रभाव से धरना स्थल पर पहुंचे और उनकी समस्याओं को सुना। वार्ड पार्षद प्रतिनिधि बनवारी किराड ने बताया कि हमारे वार्ड में दो बड़ी मुख्य हाईटेंशन लाइन निकल रही है जिससे लगातार घटनाएं ग्रसित हो रही है और कहीं जान भी जा चुकी है! लगातार प्रशासन से मांग करने पर भी यह हाईटेंशन लाइन नहीं हटाई जा रही और परिणाम स्वरूप वार्डवासी दुर्घटनाग्रस्त हो रहे हैं! बूंदी [illegible] अधीक्षण अभियंता जेवीवीएनएल बूंदी से बात कर इस समस्या के समाधान हेतु निर्देशित किया। विद्युत विभाग द्वारा इस हाई टेंशन लाइन के लिए पैसा नहीं दिए जाने की बात सामने आई। तत्काल प्रभाव से बूंदी विधायक हरिमोहन शर्मा ने तकमीना बनवाकर अपने विधायक कोष इस हाई टेंशन लाइन को हटाने की सार्वजनिक घोषणा की। साथ ही बूंदी शहर में आ रही है एक अन्य अतिरिक्त हाईटेंशन लाइन को बूंदी एईन द्वारा पूर्व में की गई घोषणा के अनुसार अगले 2 दिन में हटाने के लिए निर्देशित किया! इस अवसर पर वार्ड वासियों द्वारा बूंदी विधायक हरिमोहन शर्मा के नारे लगाकर उनका स्वागत, धन्यवाद व्यक्त किया। साथ ही कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष शैलेश सोनी, समाजसेवी दुर्गा शंकर शर्मा सहित भारी संख्या में वार्डवासी उपस्थित रहे! !

## तकनीकी उन्नयन कार्यशाला का हुआ आयोजन



सागवाड़ा लाईव न्यूज़/ कमलेश शर्मा/ नैनवां।उद्योग एवं वाणिज्य विभाग राजस्थान सरकार, जिला उद्योग एवं वाणिज्य केंद्र के संयुक्त तत्वावधान में एमएसएमई रैंप स्कीम के तहत तकनीकी उन्नयन कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में शहर की सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम इकाइयों को रैंप कार्यक्रम की क्रियान्वयन एजेंसी पीडी कोर लिमिटेड द्वारा रैंप स्कीम में तकनीकी उन्नयन और ऊर्जा ऑडिट से होने वाले फायदों के बारे में मुख्य रूप से जानकारी दी गई। इसके साथ ही राज्य सरकार द्वारा सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम इकाइयों के लिए चलाई जा रही योजनाओं ओडीओपी, एमएसएमई 2024 एवं एक्सपोर्ट प्रमोशन के बारे में भी व्यापारियों को जानकारी दी गई। शिविर के दौरान अजय मनोरिया ट्रेनर ओमकार अजय धोरखंडे, प्रोजेक्ट मैनेजर अंकित कुमार, प्रोजेक्ट मैनेजर ओमकार ने व्यापारियों को योजनाओं से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां प्रदान की। इस दौरान शिविर में व्यापारी विनोद कुमार मारवाड़ी पुखराज ओसवाल टोनी जैन सौरभ जैन अमित मारवाड़ी विजय मित्तल अमित बंसल अनिल जैन महेंद्र जैन मोनू सैनी सहित कई व्यापारी मौजूद रहे। अभिषेक गर्ग ने कार्यक्रम के संदर्भ में जानकारी दी

## पुलिस की बड़ी कार्रवाई: नकबजनी का हार्डकोर अपराधी सादिक हुसैन उर्फ 'चिट्ठी' गिरफ्तार

**47 मुकदमों में वांछित, जेल से छूटते ही फिर शुरू कर दी वारदातें**



**ब्युरो रिपोर्ट**

सागवाड़ा लाईव न्यूज़/ कोटा। कोटा पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल करते हुए नकबजनी की वारदातों को अंजाम देने वाले कुख्यात अपराधी सादिक हुसैन उर्फ चिट्ठी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी पर राजस्थान के विभिन्न जिलों में चोरी और नकबजनी के 47 आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस के अनुसार यह अपराधी जेल से सिर्फ एक महीने पहले ही रिहा हुआ था, और रिहाई के बाद फिर से सक्रिय होकर लगातार चोरी की वारदातों को अंजाम दे रहा था। एसपी तेजस्विनी गौतम ने मीडिया से बातचीत में बताया कि आरोपी सादिक हुसैन अकेले ही वारदातों को अंजाम देता है। उसने हाल ही में हिंगलाज माता मंदिर में नकबजनी की वारदात को अंजाम दिया था। इसके अलावा आरोपी ने कोटा शहर के बोरखेड़ा, कैथून और आसपास के कई इलाकों में चोरी की घटनाओं को अंजाम दिया है। पुलिस ने आरोपी के पास से चोरी में इस्तेमाल किए गए उपकरण और नकबजनी से संबंधित सामान बरामद किए हैं। प्रारंभिक पूछताछ में आरोपी ने कई वारदातों की स्वीकारोक्ति की है। पुलिस अब यह पता लगाने में जुटी है कि क्या आरोपी ने अन्य जिलों में भी हाल के दिनों में कोई वारदात की है। एसपी तेजस्विनी गौतम ने बताया कि सादिक हुसैन उर्फ चिट्ठी एक हार्डकोर अपराधी है, जो कई वर्षों से चोरी और नकबजनी के मामलों में सक्रिय है। पुलिस टीम ने उसे पकड़ने के लिए विशेष तकनीकी और मुखबिर नेटवर्क का इस्तेमाल किया। पुलिस का कहना है कि ऐसे शातिर अपराधियों की गिरफ्तारी से शहर में रातों की वारदातों में कमी आने की संभावना है और नागरिकों में सुरक्षा का भरोसा बढ़ेगा।

**जैसलमेर दुखांतिका**

**उपचार के दौरान एक महिला की हुई मौत भागा देवी ने तोड़ा इलाज के दौरान दम,**
**मृतकों की संख्या हो चुकी है 22, लगातार मरीजों के जीवन बचाने के हो रहे हैं प्रयास,**
**अभी 6 मरीज चल रहे हैं वेंटिलेटर पर, जिनकी हालत बताई जा रही है अत्यंत नाजुक**

## फर्जी शैक्षणिक दस्तावेज तैयार करने वाले 25,000 रुपये के इनामी अपराधी सौरभ सिंह गिरफ्तार

**अजमेर मंडल के प्रवर अधीक्षक की रिपोर्ट पर कार्यवाही**

सागवाड़ा लाईव न्यूज़/ जयपुर एसओजी मुख्यालय ने फर्जी और कुटरचित शैक्षणिक दस्तावेज बनाने वाले 25,000/- रुपये के इनामी अपराधी सौरभ सिंह को गिरफ्तार किया। भारतीय डाक विभाग, अजमेर मंडल के प्रवर अधीक्षक की रिपोर्ट पर कार्रवाई हुई। अभियुक्त हरियाणा, पंजाब, राजस्थान, मध्यप्रदेश समेत अन्य राज्यों के बेरोजगार युवकों को सरकारी नौकरी दिलाने का झांसा देकर, उनके लिए कुटरचित अंकतालिका, प्रमाण पत्र, डिप्लोमा और डिग्री तैयार करता था। दस्तावेजों में विश्वविद्यालय/संस्थान के लोगो, QR कोड, गोल मोहर और स्कैन किए हुए हस्ताक्षर शामिल थे, जो असली प्रतीत होते थे। गिरफ्तारी के दौरान सौरभ सिंह के लेपटॉप, मोबाइल और हार्ड डिस्क जब्त किए गए, जिनमें सैकड़ों फर्जी दस्तावेज मिले। मामले की विस्तृत जांच जारी है। एडीजी वीके सिंह ने जानकारी दी।





























